1027
16/2/13

खण्ड-4 बिहार विधान मंडल पुस्तकालय संख्या-6
शोध/संदर्भ ग्रंथ

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर सहित)

सत्यमेव जयते

दिनांक : 22 दिसम्बर, 1995 ई०

## स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की स्वीकृति

*स-20 श्री यदुवंश सिंह : क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है, कि बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेंशन उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेंशन से कम है;

2. क्या यह बात सही है, कि सरकार ने वर्ष 1992 में बिहार के स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेंशन राशि को उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता सम्मान पेंशन राशि के बराबर करने का निर्णय लिया है, पर पेंशनधारियों का पेंशन अभी तक नहीं बढ़ाया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उत्तर प्रदेश में दी जानेवाली राशि के बराबर यहाँ के स्वतंत्रता सेनानी को पेंशन देने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, गृह (विशेष) विभाग–1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. उत्तर अस्वीकारात्मक है। ऐसा कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

3. खण्ड (1) एवं (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

## कृषि पदाधिकारी की पदस्थापना

*ट-8 श्री राजकुमार राय : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंग कि–

1. क्या यह बात सही है, कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत नवसृजित प्रखण्ड मोहनपुर में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का पद रिक्त है;